Literacy for a Billion

Movie: Pyaasa
Year: 1957

Song: Jaane Who Kaise Log The
Lyricist: Sahir Ludhianvi

जाने वो कैसे लोग थे
जिनके प्यार को प्यार मिला
हमने तो जब कलियाँ माँगी
काँटों का हार मिला

जाने वो कैसे लोग थे
जिनके प्यार को प्यार मिला

खुशियों की मंजिल ढूंढ़ी तो
गम की गर्द मिली
खुशियों की मंजिल ढूंढ़ी तो
गम की गर्द मिली
चाहत के लब ये चाहे तो
आहें सर्द मिली
दिल के बोज को दुना कर गया
जो गम खार मिला

हमने तो जब कलियाँ माँगी
काँटों का हार मिला
जाने वो कैसे लोग थे
जिनके प्यार को प्यार मिला

बिछड़ गया
बिछड़ गया

बिछड़ गया हर साथी दे कर
पल दो पल का साथ
किसको फुरसत है
जो थामें दिवानों का हाथ
हमको अपना साया तक
अक्सर बेजार मिला

हमने तो जब कलियाँ माँगी
काँटों का हार मिला
जाने वो कैसे लोग थे
जिनके प्यार को प्यार मिला

इसको ही जीना कहते हैं
तो युँ ही जी लेंगे
इसको ही जीना कहते हैं
तो युँ ही जी लेंगे
उफ न करेंगे
लब सी लेंगें
आँसु पी लेंगें
गम से अब घबराना कैसा
गम सौ बार मिला

हमने तो जब कलियाँ माँगी
काँटों का हार मिला
जाने वो कैसे लोग थे
जिनके प्यार को प्यार मिला

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.